उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
दिनांक: लखनऊ 23 नवम्बर, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

कार्यालय स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी, बहराइच, उ0प्र0 के विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या-बहराइच/22724/19, दिनाँक 28.02.2019 द्वारा डॉ0 अनिल कुमार साहनी, आचार्य, सामान्य सर्जरी, नार्थ दिल्ली म्युनिस्पल कारपोरेशन, मेडिकल कालेज, दिल्ली को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बहराइच के प्रधानाचार्य के पद पर 05 वर्ष या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, नियुक्ति प्रदान की गई थी। डा0 अनिल कुमार साहनी के प्रत्यावेदन दिनाँक 12.09.2022 एवं 19.09.2022 एवं व्यक्तिगत अनुरोध द्वारा अवगत कराया गया है कि वह जून, 2023 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होंगे, परन्तु स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत कारणों के कारण प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बहराइच के पद से त्यागपत्र स्वीकृत किये जाने एवं अधिवर्षता आयु पूर्ण होने तक महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यालय से सम्बद्ध किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- डॉ0 अनिल कुमार साहनी के उक्त प्रत्यावेदन पर सम्यक विचारोपरान्त उन्हें प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बहराइच के पद के प्रभार से अवमुक्त करते हुए डॉ0 संजय खत्री, आचार्य, फार्माकोलॉजी विभाग, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को तात्कालिक प्रभाव से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बहराइच के प्रधानाचार्य पद का प्रभार, 01 वर्ष अथवा नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पहले घटित हो, के लिए एतद्द्वारा प्रदान किया जाता है। डॉ0 संजय खत्री, का वेतन मूल तैनाती स्थल किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ से यथावत् आहरित होता रहेगा।

3- डॉ0 संजय खत्री को प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बहराइच के पद के प्रभार का कोई अतिरिक्त वेतन/भत्ते देय नहीं होगा।

4- डॉ0 अनिल कुमार साहनी, जिनका कार्यकाल जून, 2023 तक है, को अग्रिम आदेशों तक महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यालय से सम्बद्ध किया जाता है।

Signed by आलोक कुमार
Date: 23-11-2022 10:33:39
Reason: Approved
(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव